20. सवांद लेखन

संवाद अर्थात् आपसी बातचीत में बोले जाने वाले वाक्य/बातचीत या संवाद अलग-अलग प्रकार के होते हैं। छात्र और शिक्षक के संवाद भिन्न होते हैं। माता-बालक के संवाद अलग होते हैं, दो मित्रों की बातचीत के संवाद अलग होते हैं। भाषा के रचनात्मक रूप में संवाद को एक कला माना गया है। संवाद काल्पनिक रूप में लिखे जाते हैं। संवाद लेखन द्‌वारा बच्चों के रचनात्मक लेखन की परख की जाती है।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को संवाद लेखन के बारे में विस्तार से समझाएँ। यह विषय बच्चे पहली बार पढ़ रहे हैं अतः समझाएँ कि संवाद अपनी कल्पना से उस स्थिति में स्वयं को रखकर लिखे जाते हैं।
- संवादों के बारे में बताते हुए फिल्मों या नाटकों के संवादों का उदाहरण दिया जा सकता है।
- बच्चों की रोचकता बनाए रखने के लिए उनसे कोई प्रसिद्‌ध संवाद सुना जा सकता है।
- संवाद लिखते समय ध्यान रखने वाली बातें बताएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दिए सवादों को कक्षा के दो छात्र-छात्रा के माध्यम से पढ़वाएँ।
- अभ्यास के लिए दिए गए संवादों को लिखने में बच्चों की यथासंभव सहायता करें।